महत्वपूर्ण एवं खास

अधिवक्ता के पत्नी के एकाउंट से 20 हजार की ऑन लाईन ठगी

न्याय साक्षी/रायगढ़। एटीएम कार्ड ग्राहक के पास ही सुरक्षित है। वहीं साइबर अपराधियों ने एटीएम कार्ड के माध्यम से 20000 निकाल लिए हैं। शुक्रवार की शाम वकील उमेश बोंदिया के मोबाइल पर मैसेज आया कि उनकी धर्मपत्नी ममता अग्रवाल के एचडीएफसी अकाउंट से 20000 डिडक्ट हुए हैं, ऐसे में जब उन्होंने जानना चाहा कि इतनी बड़ी राशि निकालने का क्या कारण है, तब यह जानकर उनके होश उड़ गए कि घर के किसी भी सदस्य द्वारा पैसे नहीं निकाले गए हैं। ऐसे में उन्होंने तत्काल एचडीएफसी बैंक प्रबंधन से इस बात की शिकायत की। बैंक प्रबंधन ने बताया कि एटीएम के माध्यम से ही पैसे निकाले गए हैं, जबकि एटीएम कार्ड घर में सुरक्षित रखा हुआ है। जाहिर है यह साइबर क्राइम हुआ है। क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती चली जा रही हैं। वहीं साइबर अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर ही हैं।

पीएसीएल कंपनी के निवेशकों के लिए जमा राशि वापस प्राप्त करने हेतु 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

न्याय साक्षी/रायगढ़। राज्य शासन के आदेशानुसार पीएसीएल कंपनी में निवेशकों की जमा राशि वापस करने हेतु 1 मार्च 2019 से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में जनपद स्तर पर निवेशकों के ऑनलाईन आवेदन फार्म भरवाने के लिए निःशुल्क सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। निवेशक अपनी फोटो, पैन कार्ड, बैंक एकाउंट नंबर एवं कंपनी में राशि जमा का पेपर/ रसीद लेकर सुविधा केन्द्र में 30 अप्रैल 2019 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। निवेशक स्वयं भी सेबी के वेबसाइड www.ebipaclrefund.com.in में आवेदन कर सकते है। 30 अप्रैल के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

यात्री का पर्स चोरी करते पकड़ाया चोर

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में एक यात्री का पर्स चोरी करते हुए युवक को रंगे हाथ पकड़ा गया. जिसे बाद में जीआरपी के हवाले कर दिया गया. बताया गया कि पंकज शर्मा पिता जगदीश शर्मा 22 साल बाजीरावापारा गुरूवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात प्रतिक्षालय में सो रहे एक यात्री का पर्स चोरी करने की कोशिश कर रहा था. लेकिन यात्री की नींद खुल गई और उसने आरोपी चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया. बाद में उसे जीआरपी के हवाले कर दिया गया. जीआरपी के अनुसार आरोपी आदतन पॉकेटमार है और उसके खिलाफ अलग अलग थानो में पहले भी कई अपराध दर्ज हैं.

पंडित भोजनालय में काम करने वाली महिला आग में झुलसी, अस्पताल में भर्ती

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र के पंडित भोजनालय में काम करनेवाली एक महिला आग में झुलस कर घायल हो गई. जिसे ईलाज के लिए फिलहाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामले में बताया गया कि अनिता कुजूर 22 साल अपने पति प्रवीण कुजूर के साथ भोजनालय में काम करती है. बीती रात लगभग 12 बजे के आसपास होटल बंद होने के बाद वह खाना लेकर कैदीमुड़ा स्थित अपने घर पहुंचे. जहां खाना गर्म करने के लिए घायल महिला ने स्टोव जलाया, इसी दौरान उठी लपट में वह झुलस गई.

एसपी ऑफिस रिकार्ड रूम का सिलिंग टूटकर गिरा

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में बने शिकायत सेल के रिकार्ड रूम की सिलिंग टूटकर गिर गया. जिसमें सेल के प्रभारी और सहायक ऑपरेटर चोटिल हो गए, जिन्हें ईलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया.

घटना शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास की है, जब एसपी कार्यालय परिसर में बने शिकायत सेल के रिकार्ड रूम में बना सिलिग टूट कर कर गिर गया. लकड़ी के बना सिलिंग कंक्रीट के बने भारी छत का दबाव नहीं सह पाया. इस दौरान कमरे में सेल के प्रभारी एसआई एलपी तिवारी और ऑपरेटर अनिल जायसवाल मौजूद थे. इस हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटे आई हैं.

एसपी ने भेजवाया अस्पताल

घटना की जानकारी मिलने के बाद कार्यालय में मौजूद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल दोनों घायलों को अस्पताल ले जाने के निर्देश दिए. लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद जानकारी के अभाव में घायलों को ईलाज नहीं मिल सका और वह सभी प्राइवेट अस्पताल में चले गए, जिसको लेकर सोशल मीडिया में यह जानकारी दी गई कि अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे.

तीन दशक पुरानी ईमारत

बताया गया कि जिस भवन में शुक्रवार को यह हादसा हुआ वह तीन दशक से भी ज्यादा पुराना है. जिसके रखरखाव के नाम पर सिर्फ बाहरी दीवार के मैटनेंस का काम किया जाता रहा. जबकि छत पर रिसाव के कारण वह लगातार कमजोर होता जा रहा था. शुक्रवार को सिलिंग का टूटना उसी रिसाव के कारण बताया गया है. घटना के दौरान टेबल पर दस किलो से ज्यादा का भारी सिलिंग टूटकर पड़ा हुआ था. जो किसी के सिर पर गिरता तो निश्चित रूप से चोट ज्यादा गंभीर हो सकती थी.

प्रभारी और सहायक ऑपरेटर हुए चोटिल

रामनिवास टॉकीज चौक में मिला युवक का शव

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ के रामनिवास टॉकीज चौक पर युवक का शव मिला है। मृतक की शिनाख्त बापू पारा निवासी सुखनाथ के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भिजवा दिया है।

रामनिवास टॉकीज चौक के समीप युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया गया। इस शव की पहचान बाबू पारा निवासी सुखनाथ उम्र 30 साल के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर यह माना जा रहा है कि युवक की मौत अत्यधिक शराब सेवन की वजह से हुई लेकिन ऐसा ही है या मौत की कोई अन्य वजह है इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा । हालांकि परिजनों की ओर से किसी भी व्यक्ति के ऊपर में कोई संदेह व्यक्त नहीं किया गया है।

तमनार क्षेत्र के नदी में हो रहा अवैध रेत उत्खनन

न्याय साक्षी/रायगढ़। तमनार क्षेत्र केलो नदी अवैध रेत उत्खनन के लिए सुरक्षित जगह बन गया है, जहां विभागीय उदासिनता के कारण हर दिन बड़ी मात्रा में रेत निकालने का काम किया जा रहा है. क्षेत्र में तेजी से फलफूल रहे रेत उत्खन्न पर कार्रवाई को लेकर घरघोड़ा एसडीएम से कार्रवाई की मांग की गई है.

खनिज विभाग और स्थानीय तहसीलदार की उदासीन रवैय्ये के कारण तमनार क्षेत्र में केलो नदी से तमनार और आसपास के क्षेत्र के टैःक्टर मालिकों द्वारा हर दिन अवैध रूप से रेत उत्खनन कर उन्हें मकान निर्माण करनेवालों लोगों को बेचा जा रहा है. जिसमें शासन को किसी प्रकार की रॉयल्टी भी नहीं मिल रही है और शासन को नुकसान पहुंचाया जा रहा है. देवगांव क्षेत्र के आसपास हो रहे इस रेत उत्खनन को लेकर बताया गया कि तमनार तहसीलदार के पास भी शिकायत की गई थी, लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई.

एसडीएम से कार्रवाई की मांग

मामले में घरघोड़ा अनुविभागीय अधिकारी से कार्रवाई की मांग की गई है. एसडीएम ने बताया कि फिलहाल उनके पास ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन अगर अवैध रूप से रेत उत्खनन का काम किया जा रहा है, तो वह इसकी जांच कराएंगे और जो लोग भी अवैध उत्खनन में लिप्त होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

सारंगढ़ रेंज बन रहा वन्यप्राणियों के लिए कब्रगाह

न्याय साक्षी/रायगढ़। करीब तीन दिन पहले सारंगढ़ रेंज के सुअरगुड़ा बीट क्षेत्र में दो बायसनों की मौत हुई थी। यहां शिकारियों ने छोटे वन्यप्राणियों के लिए करंट तार बिछाया था, लेकिन उनका शिकार बायसन बन गए। एक साथ दो बायसनों की मौत से विभाग के अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और ऐसे में मामले को छिपाते हुए आनन-फानन में विभागीय अधिकारियों ने तत्काल उसका पीएम कराकर उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया, लेकिन मामले की जानकारी जब जिला सेव फारेस्ट समिति के पदाधिकारियों को हुई, तो तत्काल अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल व सचिव और उनके टीम केसदस्य मौके पर पहुंचे। यहां पूछताछ में पता चला कि लगातार यहां वन्यप्राणियों का शिकार हो रहा है और विभाग के अधिकारी मामले को दबा देते हैं।

सारंगढ़ रेंज में दो बायसनों की मौत के बाद उनकी मौत से जुड़े मामलों को जानने के लिए सेव फारेस्ट समिति के अध्यक्ष गोपाल, सचिव मोहसिन खान व उनकी टीम मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि काफी लंबी दूरी तक करंट तार बिछाया गया था और वहां तार बिछाने के साक्ष्य मौजूद थे। इसके अलावा यहां जिस स्थान पर बायसनों का अंतिम संस्कार किया गया। उससे कुछ दूरी पर और भी बड़े जानवरों के हड्डी देखे गए। ऐसे में जब वहां मौजूद एक ग्रामीण से पूछा गया, तो उसका भी कहना था कि यह बायसन का ही हड्डी अवशेष है और तीन दिन पहले एक साथ दो बायसनों की मौत ने स्पष्ट कर दिया कि सारंगढ़ रेंज में शिकारी सक्रिय हैं और धड़ल्ले से शिकार को अंजाम दे रहे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमूल्य छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृ० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480